सितंबर में भी रहेगी। यानी इन दोनों श्रेणियों में | दिया कि 30 सितंबर तक वार्षिक वीजा सीमा | ईबी-2 व ईबी-5 अनारक्षित प्रमुख हैं। एजेंसी

एम्स के अध्ययन में भारत में 38.6% युवा और 35.4% बच्चे फैटी लिवर से पीड़ित

रोगों का बढ़ता बोझ : 10 में से 4 युवा को फैटी लिवर, बच्चों में भी बढ़ा खतरा

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली ब्यूरो। भारत में बदलती जीवनशैली के साथ पेट व पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। एम्स के अनुसार 38.6% वयस्क और 35.4% बच्चे फैटी लिवर से पीड़ित हैं। शुरुआती दौर में इसके लक्षण अक्सर दिखाई नहीं देते। विशेषज्ञों ने कहा कि फैटी लिवर के साथ युवाओं में कोलोरेक्टल यानी आंत के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में शुरुआती जांच पर जोर देना जरूरी है।

एम्स के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और ह्यूमन न्यूट्रिशन विभाग के प्रमुख डॉ. प्रमोद गर्ग ने कहा कि अब जीवनशैली संबंधी पाचन बीमारियां बड़ी चुनौती बन रही हैं।

डायबिटीज के 4 मरीजों में 1 को लिवर फाइब्रोसिस

विशेषज्ञों के मुताबिक, फैटी लिवर का संबंध डायबिटीज, मोटापे, हाई ब्लड प्रेशर से है। एक अध्ययन में टाइप-2 डायबिटीज के हर चार मरीजों में से एक में गंभीर लिवर फाइब्रोसिस पाया गया है। भारत ने 2021 में नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज कार्यक्रम में फैटी लिवर को शामिल कर प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर इसकी जांच के लिए निर्देश जारी किए थे।

■ युवाओं में भी बढ़ रहा आंत का कैंसर

खासकर युवाओं में 2022 में भारत में पुरुषों में आंत के कैंसर के 40,430 और महिलाओं में 24,433 नए मामले सामने आए थे। विशेषज्ञों ने चेताया कि मल में खून आना, मल त्याग की आदत में लगातार बदलाव या बिना वजह वजन घटना जैसे लक्षणों को सामान्य पेट की समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

■ बच्चों में संक्रमण से एनीमिया-कुपोषण का खतरा

विशेषज्ञों के मुताबिक हेलिकोबैक्टर पाइलोरी संक्रमण व्यापक है। यह अल्सर व गैस्ट्रिक कैंसर से जुड़ा है। आंतों के कीड़े बच्चों में एनीमिया व कुपोषण का कारण बन रहे हैं। सीलिएक रोग और इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज के मामले भी बढ़ रहे हैं। एम्स के अध्ययन के अनुसार उत्तर भारत में 96 में से एक व्यक्ति सीलिएक रोग से पीड़ित है।

30 से होगी चर्चा

पाचन तंत्र की बीमारियों के बढ़ते बोझ पर चर्चा के लिए वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी -2026 पहली बार भारत में होगी। 30 सितंबर से 3 अक्तूबर तक द्वारका के यशोभूमि में होने वाली कांग्रेस में दुनिया भर के विशेषज्ञ जांच, एंडोस्कोपी, इलाज, आंत के सूक्ष्मजीवों पर चर्चा करेंगे।

दो साल बाद दिल्ली में स्वाइन फ्लू के मामलों का टूटा रिकॉर्ड

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली में दो साल बाद स्वाइन फ्लू (एच1एन1) के मामलों का रिकॉर्ड टूट गया है। वर्ष 2024 के बाद स्वाइन फ्लू के मामलों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष 31 अगस्त तक कुल 3,828 स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ चुके है। इसमें दिल्ली के कुल 3,218 मामले और बाकी दिल्ली से बाहर के शामिल है।

सोमवार को दिल्ली में स्वाइन फ्लू के 164 नए मामले दर्ज किए गए। जबकि इंफ्लूएंजा ए और बी को मिलाकर 5,349 मामले सामने आ चुके है। इसमें दिल्ली के 4,372 मामले शामिल है। वर्ष 2024 में



वर्ष 2024 के बाद दिल्ली में 3,218 स्वाइन फ्लू के मामले हुए दर्ज

दिल्ली में स्वाइन फ्लू के 3151 मामले सामने आए थे। जबकि वर्ष 2025 में 30 सितंबर तक 229 मामले दर्ज किए गए थे।

स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को लेकर सफदरजंग अस्पताल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में निदेशक प्रोफेसर डॉ. जुगल किशोर ने बताया कि स्वाइन फ्लू को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन ऐसे मरीज जिनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर, हार्मोनल दिक्कत, अंग ट्रांसप्लांट वाले, गर्भवती महिलाएं और दूसरी गंभीर बीमारियों से जूझने वाले है उनको सावधानी बरतने की जरूरत है। बच्चे और बुजुर्ग भी अपना ध्यान रखें।

उन्होंने बताया कि स्वाइन फ्लू का वायरस कोई नया नहीं है। वर्ष 2009 में सामने आया था। वायरस में समय-समय पर बदलाव होता है। लेकिन अभी वाला वायरस का वेरिएंट पुराना है। ऐसे में ज्यादा चिंता की जरूरत नहीं है। वायरस के उपचार के लिए एंटी वायरल ड्रग उपलब्ध है। साथ ही वायरस से एक बार संक्रमित होने के बाद शरीर में एंटीबॉडी बन जाती है।

दिल्ली में स्वाइन फ्लू के बीते वर्षों के मामलों की स्थिति

वर्ष	मामले	मौत
2019	3,627	31
2020	412	0
2021	92	0
2022	442	0
2023	209	0
2024	3,151	0
2025	229	0

इस वर्ष बीते दिनों में रोजाना स्वाइन फ्लू के मामलों की स्थिति

31 अगस्त को 164 मामले
30 अगस्त को 48 मामले
29 अगस्त को 199 मामले
28 अगस्त को 78 मामले

नियमों को आसान बनाने और सरकारी मंजूरियों में लगने वाले समय को कम करने के मामले में अंतिम ...

महिला और पुरुष वोटर का अंतर 11.76 लाख से 2.25 लाख रह गया

SIR: नई ड्राफ्ट लिस्ट में महिला और पुरुष वोटर्स का अंतर घटा

■ एनबीटी रिपोर्ट नई दिल्ली

दिल्ली मे स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (SIR) के तहत प्रकाशित नई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट ने राजधानी के चुनावी आंकड़ो को पूरी तरह बदल दिया है। 2025 के विधानसभा चुनाव की तुलना मे इस बार दिल्ली मे वोटरो की संख्या करीब 37.18 % कम हो गई है। 2025 के चुनावो मे जहां 1.55 करोड़ रजिस्टर्ड वोटर थे वही नए ड्राफ्ट मे यह संख्या 97.53 लाख रह गई है। यानी सूची मे कुल 57.71 लाख वोटर्स का अंतर आया है।

3 मिनट में पढ़ें

नए ड्राफ्ट मे 97.53 लाख रह गई वोटरो की संख्या

आंकड़ो की छानबीन से पता चलता है कि ड्राफ्ट लिस्ट से पुरुषो के नाम अधिक संख्या मे हटे है। साल 2025 मे जहां पुरुष वोटर 83.49 लाख थे वही अब घटकर 49.88 लाख रह गए है जिसमे 40.25% की कमी दर्ज की गई है। इसके मुकाबले महिला वोटर्स की संख्या 71.73 लाख से घटकर 47.64 लाख हुई है जो 33.59 % की गिरावट दिखाती है। पुरुषो की तुलना मे महिलाओ की कम गिरावट के चलते वोटर लिस्ट मे लिंग अनुपात मे सुधार हुआ है। अब कुल वोटर्स मे महिलाओ की हिस्सेदारी बढ़कर 48.85 प्रतिशत हो गई है जो 2025 मे 46.21 प्रतिशत थी। इसके साथ ही महिला और पुरुष वोटरो के बीच का अंतर 11.76 लाख से घटकर अब केवल 2.25 लाख रह गया है।

SIR के ड्राफ्ट रोल से जुड़ा कोई सवाल आपके मन मे है तो सवाल के साथ SIR लिखकर हमे 9220747220 पर वट्सऐप करे, हम उसका जवाब एक्सपर्ट से लेकर छापेंगे।

जिला	टोटल वोटर्स	कम हुए वोटर्स	कम हुए वोटर्स (% मे)
साउथ-ईस्ट	15 57 289	6 79 367	43.62
ओल्ड दिल्ली	5 96 699	1 97 387	33.08
नॉर्थ	9 73 957	3 48 614	35.79
नई दिल्ली	1 54 192	60 471	39.22
सेंट्रल	6 97 733	2 65 274	38.02
सेंट्रल-नॉर्थ	8 15 928	2 54 088	31.14
साउथ-वेस्ट	13 29 749	3 56 576	26.82
आउटर-नॉर्थ	8 32 510	2 02 452	24.32
नॉर्थ-वेस्ट	12 77 126	3 71 654	29.10
नॉर्थ-ईस्ट	18 70 748	5 43 270	29.04
ईस्ट	16 03 359	5 70 785	35.60
साउथ	13 45 001	5 19 869	38.65
वेस्ट	14 56 008	3 88 648	26.69

'ड्राफ्ट लिस्ट फाइनल वोटर लिस्ट नहीं'

अन्य श्रेणियो की बात करे तो पहली बार वोट देने वाले 18 से 19 वर्ष के युवाओ की संख्या 2025 के 2.08 लाख से घटकर 1.03 लाख रह गई है जो लगभग 50% की गिरावट दर्शाती है। वही 85 वर्ष से अधिक आयु के सीनियर सिटिजन की संख्या मे 62.82% की कमी आई है और यह 1.09 लाख से घटकर 40 871 रह गई है। इस ड्राफ्ट मे 100 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 189 'सेंटेनियन' वोटर भी दर्ज किए गए है। इसके अलावा थर्ड जेंडर श्रेणी मे वोटर्स की संख्या 1 261 से घटकर 447 रह गई है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस पूरी गिरावट को केवल नाम काटे जाने के रूप मे नही देखा जा सकता। आयोग ने साफ किया है कि यह केवल एक ड्राफ्ट सूची है फाइनल वोटर लिस्ट नही। जिनके नाम छूट गए है या जो युवा। अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष के हो रहे है वे 30 सितंबर 2026 तक फॉर्म 6 भरकर अपना नाम दर्ज कराने का दावा कर सकते है।

नही मिले रहे ड्राफ्ट रोल मे नाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :

मंगलवार को अधिकांश पोलिंग बूथो पर बीएलओ के न बैठने से स्थानीय लोगो को भारी निराशा का सामना करना पड़ा। लोग घंटो बीएलओ का इंतजार करते रहे लेकिन अधिकारी मौके पर मौजूद नही मिले। हालांकि, मतदाता 30 सितंबर तक जरूरी डॉक्यूमेंट्स जमा कराकर अपना नाम वोटर लिस्ट मे वापस दर्ज करा सकते है लेकिन जमीनी स्तर पर समन्वय की कमी लोगो पर भारी पड़ रही है। ड्राफ्ट सूची के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर नाराजगी बढ़ गई है।

कुछ अलग | एम्स के अनुसार-हर तीसरे व्यक्ति को गैस्ट्रो की परेशानी, खराब खानपान और जीवनशैली वजह

डिब्बाबंद भोजन आंत का कैंसर भी बढ़ा रहा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। डिब्बाबंद और प्रसंस्कृत भोजन का बढ़ता चलन अब सेहत के लिए बड़ी चिंता बनता जा रहा है। यह न केवल लिवर को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि बड़ी आंत के कैंसर का खतरा भी बढ़ा रहा है। एम्स के डॉक्टरों के मुताबिक, फास्ट फूड, शराब, धूम्रपान और खराब जीवनशैली के कारण पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। देश में हर तीसरे व्यक्ति को गैस्ट्रो की समस्या है।

एम्स के गैस्ट्रोलॉजी प्रोफेसर डॉ. गोविंद मखारिया के अनुसार, पेट फूलना, डकार आना और डायरिया जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। हालांकि उल्टी, शौच में खून आना और खाना निगलने में परेशानी जैसे लक्षण गंभीर बीमारी के संकेत हो सकते हैं। देश में करीब 65 हजार लोग बड़ी आंत के कैंसर से पीड़ित हैं। डॉक्टरों के अनुसार, आंत में बनने वाले पॉलिप भी आगे चलकर कुछ लोगों में कैंसर का कारण बन सकते हैं। समय रहते इनकी पहचान कर इन्हें निकालने से कैंसर से बचाव संभव है।

फैटी लिवर की समस्या से हर तीसरा व्यक्ति पीड़ित

एम्स के अध्ययन में देश के 38.6% वयस्क और 35.4% बच्चे फैटी लिवर से प्रभावित पाए गए हैं। मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और खराब खानपान इसके प्रमुख कारण हैं। अध्ययन में मधुमेह पीड़ित करीब एक चौथाई लोगों के लिवर में फाइब्रोसिस भी पाया गया।

पेट को स्वस्थ रखने के लिए ये उपाय अपनाएं

- डॉक्टरों के मुताबिक स्वच्छ भोजन और पानी का सेवन करें, जरूरत के मुताबिक ही खाएं और फाइबरयुक्त भोजन लें।
- रोज एक कटोरी दही खाएं। यह पेट के माइक्रोबायोम के लिए उपयोगी है।
- चीनी और प्रसंस्कृत भोजन कम करें तथा शराब और धूम्रपान से बचें। धीरे-धीरे खाने की आदत बनाएं, यह पाचन और वजन नियंत्रित रखने में मदद करता है।

न्यू यार्क टाइम्स से

घुटने के दर्द की समस्या

उम्र बढ़ने के साथ घुटने घिसने लगते हैं। जब आप स्पोर्ट्स खेलते हैं, सीढ़ियां चढ़ते हैं या भारी सामान उठाते हैं तो घुटनों पर दबाव बढ़ता है। वहीं पहले से चोट लगी हो तो दर्द के साथ साथ चलने-फिरने में भी परेशानी हो सकती है। दर्द का क्या है समाधान, आइए जानें...

पीठ के बाद, घुटने के दर्द की समस्या सबसे आम है। ज्यादातर लोगों को एक उम्र के बाद इसका सामना करना पड़ता है। हालांकि, कार्टिलेज और सॉफ्ट टिश्यू में चोट लगने की वजह से यह समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है। डाक्टर बताते हैं कि लंबे समय तक रहने वाला दर्द शारीरिक, आर्थिक और भावनात्मक रूप से परेशानी पैदा कर देता है। हालांकि, परेशानी को कम करने, चलने-फिरने की क्षमता बनाए रखने और भविष्य में चोट से बचने के लिए कुछ आसान उपाय कर सकते हैं। जरूरी नहीं है कि 'मेरे घुटने में दर्द है' वाली स्थिति से सीधे सर्जरी की नौबत आ जाए। इससे पहले परेशानी के कारणों और उसके निदान के जरूरी उपायों को समझना जरूरी है।

घुटने के दर्द के आम कारण : खासकर 55-60 वर्ष की उम्र में घुटने के दर्द का सबसे आम कारण ऑस्टियोआर्थराइटिस होता है। इसमें जोड़ों का कार्टिलेज घिस जाता है और भार सहने की क्षमता कम होने लगती है। डाक्टरों की मानें तो इससे सूजन और कभी-कभी दर्द होता है, जिससे दैनिक क्रियाकलाप में परेशानी होती है। यह दर्द घुटने के अलग-अलग हिस्सों में, जैसे- किनारों पर या नी-कैप के नीचे भी हो सकता है। ऑस्टियोआर्थराइटिस में अक्सर सुबह अकड़न महसूस होती है और दिन में हिलना-डुलना थोड़ा आसान हो जाता है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने वालों में घुटने के दर्द के पीछे आम कारण चोटें हैं। कमजोर क्वाड मसल्स, घुटने का गलत अलाइनमेंट और पहले लगी चोटों के कारण पैटेलोफेमोरल पेन सिंड्रोम हो सकता है, जिसे 'रनर्स नी' भी कहते हैं, इससे घुटने के नीचे दर्द होता है।

कैसे अचानक होती है समस्या : घुटने का दर्द अचानक भी हो सकता है, जैसे गिरने या दुर्घटना के बाद, खेल खेलते समय या झुकते समय। घुटने की सबसे आम चोटों में से एक है मेनिस्कस का फटना, यह कार्टिलेज का एक अर्धचंद्राकार टुकड़ा होता है जो झटके सहता है और घुटने को स्थिर रखने में मदद करता है। इसके फटने की समस्या अक्सर मुड़ने या ऐंठने के चलते होती है, जिससे तेज दर्द, सूजन और जोड़ के दर्द की परेशानी हो सकती है। लिगामेंट में मोच आना एक आम चोट है। यह तब होता है जब घुटने के चार मुख्य लिगामेंट्स में से कोई एक, जो कनेक्टिव टिश्यू की रस्सी जैसी पट्टियां होती हैं और स्थिरता देती हैं, अधिक खिंच जाता है या फट जाता है। एमसीएल और एसीएल दो ऐसे लिगामेंट्स हैं जिनमें अक्सर चोट लगती है।

आर्थराइटिस से होने वाले दर्द का इलाज : अगर आपका दर्द धीरे-धीरे शुरू हुआ है, तो फिजिकल थेरेपिस्ट से मिलना चाहिए। वे आपके चलने-फिरने के उन तरीकों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं। वे बता सकते हैं कि आपको डाक्टर को दिखाना चाहिए या नहीं। अगर दर्द किसी नई चोट के बजाय लंबे समय से है, तो डाक्टर से मिलकर बेहतर ढंग से उपचार कराना चाहिए। एक्सरसाइज से ऑस्टियोआर्थराइटिस का दर्द भी कम हो सकता है और यह बिना डाक्टर की पर्ची के मिलने वाली दर्द निवारक दवाओं जितनी ही असरदार हो सकती है। कम असर वाली एरोबिक एक्सरसाइज जैसे कि- बाइकिंग, तैराकी या एलिप्टिकल मशीन का इस्तेमाल करना चाहिए। टेपिंग और मजबूत, सपोर्ट देने वाले जूते पहनने से भी घुटने का दर्द कम हो सकता है।

दवाओं के प्रयोग में सतर्कता : अगर जीवनशैली में बदलाव और ओरल मेडिसिन से लाभ नहीं हो रहा है, तो डाक्टर स्टेरायड इंजेक्शन दे सकते हैं। हालांकि, इनसे कुछ हफ्तों के लिए दर्द कम हो सकता है, लेकिन बार-बार इनका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। अगर सभी तरह इलाज के बावजूद दर्द की समस्या बनी रहती है, तो डाक्टर घुटने के रिप्लेसमेंट सर्जरी का विकल्प चुन सकते हैं।

चोट का इलाज : अगर चोट लगने के कारण सामान्य कामकाज के दौरान दर्द हो रहा है, तो आराम ठीक रहेगा चाहिए। राहत के लिए जोड़ के चारों ओर बर्फ लगाना एक बेहतर उपाय हो सकता है। डाक्टर कुछ दवाओं का परामर्श दे सकते हैं। कुछ चोटों, जैसे एसीएल या मेनिस्कस फटने पर कुछ मरीजों को सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। अगर घुटने में अस्थिरता, अचानक तेज या चुभने वाला दर्द हो, सीढ़ियां चढ़ने-उतरने में दिक्कत हो तो डाक्टर से मिलना चाहिए।

घुटनों को स्वस्थ कैसे रखें

- आप उम्र या जेनेटिक्स को नहीं बदल सकते, लेकिन वजन सही रखने से घुटनों पर बोझ कम करना आपके हाथ में है।
- जोड़ों की सक्रियता और स्वस्थ रखने के लिए एक्टिव रहना जरूरी है।
- एक गलतफहमी है कि कुछ व्यायाम घुटनों पर बुरा असर डालते हैं, ऐसे में यही बेहतर है कि कुछ व्यायाम करते रहें।
- ध्यान रखें एक्टिव नहीं रहने से कमजोर मांसपेशियां आगे चलकर ऑस्टियो आर्थराइटिस का खतरा बढ़ा सकती हैं।
- अगर आर्थराइटिस है तो भी जब तक फ्लेक्सिबल व मजबूत हैं, सक्रियता रखें।
- भले ही समस्या को पूरी तरह से रोक न पाएं, लेकिन इसे सही तरीके से मैनेज अवश्य किया जा सकता है।

दैनिक जागरण
सप्तरंग
सेहत भरे जीवन का
बुधवार 2 सितंबर, 2026

डाक्टर हेल्थ चेकअप, लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराते रहने की सलाह देते हैं ताकि हृदय रोग के खतरे की शुरुआत में ही पहचान की जा सके। बढ़े हुए कोलेस्ट्राल को कम करने के लिए दवाईयां तो मौजूद हैं, पर वे स्थायी समाधान नहीं हैं। इसके लिए रोजमर्रा की आदतों में कुछ जरूरी बदलाव करने होंगे, ताकि इससे होने वाली समस्याओं को टाला जा सके. सीमा झा की रिपोर्ट

कोलेस्ट्राल का खतरा		
कुल कोलेस्ट्राल 200 या अधिक	एचडीएल 40 से कम (पुरुष) 50 से कम (महिला)	एलडीएल 100 या अधिक
स्वस्थ स्तर		
कुल कोलेस्ट्राल 200 से कम	एचडीएल 40-60 (पुरुष) 50-60 (महिला)	एलडीएल कोलेस्ट्राल 100 से कम

कब खतरा बनता है कोलेस्ट्राल

32 लाख भारतीयों की मौतों के लिए जिम्मेदार है कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हर साल, इसका एक प्रमुख कारण एलडीएल कोलेस्ट्राल है।

40-69 वर्ष आयु वर्ग में होने वाली कुल मौतों में लगभग आधी के लिए कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हैं जिम्मेदार।

• फोटो : मेटाफिक

जीवनशैली

रक्त में मौजूद यह मोम जैसा पदार्थ कोशिकाओं, हार्मोन और विटामिन डी के निर्माण के लिए आवश्यक है। यह कोशिका की बाहरी परत को मजबूती देता है। यह नुकसानदेह हो जाता है जब रक्त में गुड कोलेस्ट्राल की मात्रा कम होने लगती है और बैड कोलेस्ट्राल (एलडीएल) की मात्रा बढ़ जाती है। इसके साथ भी लोग सामान्य जीवन जी रहे होते हैं, लेकिन खतरा तब पैदा होता है जब आर्टरीज पर इसका जमाव बढ़ने लगता है, इससे हार्ट अटैक या स्ट्रोक का जोखिम बढ़ता है। इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च के एक हालिया अध्ययन की मानें तो देश के 87.3 प्रतिशत वयस्कों में लिपिड प्रोफाइल, जिसमें कोलेस्ट्राल का मापन किया जाता है, वह असंतुलित है। इसमें तकरीबन 35.5 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें न डायबिटीज है, न ही उच्च रक्तचाप या मोटापे की समस्या। ऐसे में कोलेस्ट्राल के बढ़े हुए स्तर को लेकर हमें चिंता क्यों होनी चाहिए, क्या केवल कोलेस्ट्राल नियंत्रण से हृदय रोग या हार्ट अटैक रोक पाना संभव है, इसकी दवा कब शुरू करें? आइए, इन सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से समझें।

सामान्य कोलेस्ट्राल में भी हो सकता है जोखिम : अगर आप भी सोचते हैं कि कोलेस्ट्राल सामान्य है तो हार्ट अटैक या स्ट्रोक का जोखिम कम हो जाता है तो यह पूरा सच नहीं है। ऐसे मरीजों की संख्या कम नहीं है, जिनका लिपिड प्रोफाइल सामान्य होने के बावजूद वे हार्टअटैक के शिकार हुए हैं। दरअसल, हार्टअटैक केवल एलडीएल या टोटल कोलेस्ट्राल बढ़ने से नहीं होता, बल्कि धमनियों में सूजन, आनुवंशिक कारण, लिपोप्रोटीन (ए), एपोलिपोप्रोटीन (बी), हाइ ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, धूम्रपान, मोटापा और कोरोनरी आर्टरी में कैल्शियम जमा होने जैसे कारणों से भी यह संभव है। यही कारण है कि हार्ट से जुड़े खतरे का आकलन करते समय केवल एलडीएल या टोटल कोलेस्ट्राल ही नहीं, बल्कि अन्य जोखिम कारकों के बारे में भी जानना उतना ही महत्वपूर्ण है। परिवार में हार्ट से जुड़ी बीमारियों का इतिहास भी इसमें शामिल है। बेहतर यही है कि कोलेस्ट्राल के स्तर को नियंत्रित रखने के साथ डायबिटीज, हाइ बीपी और धूम्रपान की आदतों को लेकर भी सचेत होने की जरूरत है। चिकित्सक से परामर्श लेकर अपनी दिनचर्या और जीवनशैली में आवश्यक बदलाव करना चाहिए।

जीवनशैली स्वस्थ रखें और स्वास्थ्य जांच कराते रहें



डा. अशोक सेठ
चेयरमैन, फोर्टिस एस्कार्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली

जब हम कोलेस्ट्राल कम करने की बात करते हैं तो इसका अर्थ तेल या वसा को बंद करना नहीं होता। आप वसा लें पर वह स्वस्थ हो। अच्छे फैट नुकसान नहीं करते, लेकिन इसकी मात्रा भी सीमित होनी चाहिए। भारतीयों में एलडीएल कोलेस्ट्राल का स्तर बढ़ रहा है। कुल कोलेस्ट्राल का स्तर भी उच्च रहता है, साथ में पेट का मोटापा अधिक देखने में आता है। यह ट्राइग्लिसराइड बढ़ाता है और इंसुलिन रेजिस्टेंस का खतरा भी। ऐसे में जरूरी है कि हम जो खा रहे हैं, उसे लेकर सजग रहें और शारीरिक निष्क्रियता कम से कम रहे। रोजाना व्यायाम फायदेमंद है। यह अच्छे कोलेस्ट्राल को बढ़ाता है और खराब को कम करता है। दवा उनके लिए है जिन्हें अधिक जोखिम है। कोलेस्ट्राल बढ़ने, एलपीए मार्कर के औसत स्तर अधिक होने पर सतर्कता बढ़ाने की जरूरत होती है। जिनका एलडीएल का स्तर 160–170 रहता है, तो उन्हें इसे कम करने की सलाह दी जाती है। हमारी सबसे पहली सलाह होती है जीवनशैली को ठीक करना। यदि नहीं कर पाए तो बाजार में दवाइयां मौजूद हैं। अपना रिस्क फैक्टर अवश्य जानें। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्राल जांच कराते रहें। सावधानी ही सबसे अचूक उपाय है, यह हमेशा याद रखना चाहिए।

एलपीए है महत्वपूर्ण मार्कर

हार्ट की बीमारियों में लिपोप्रोटीन (ए) यानी एलपीए प्रमुख मार्कर है। ब्लड में मौजूद एलपीए हार्टअटैक, स्ट्रोक आदि बीमारियों की पहचान करने में मददगार है। स्वस्थ दिखने वाले व्यक्ति के हार्ट अटैक के पीछे एलपीए का बढ़ा हुआ स्तर भी जिम्मेदार हो सकता है। इसके कारण आर्टरीज सख्त और संकुचित होने लगती है। अगर परिवार में हार्ट की बीमारियों का इतिहास रहा है, तो एलपीए जांच भी करा लेनी चाहिए।

ये है आपका लिपिड प्रोफाइल

लिपिड प्रोफाइल से ही कोलेस्ट्राल के स्तर का पता चलता है। इसमें मुख्य घटक माने जाते हैं

कुल कोलेस्ट्राल : ब्लड में कुल कोलेस्ट्राल की मात्रा।

एचडीएल (गुड कोलेस्ट्राल) इससे हार्ट की बीमारी का जोखिम कम रहता है। यह आर्टरीज के बैड कोलेस्ट्राल को लिवर में भेजता है व शरीर से बाहर निकाल देता है।

एलडीएल (बैड कोलेस्ट्राल) यह आर्टरीज में जमा होता है जो हार्ट स्ट्रोक या अटैक का कारण बनता है।

ट्राइग्लिसराइड्स : रक्त में मौजूद जोखिमकारक फैट है।

ऐसे बढ़ जाएगा बैड कोलेस्ट्राल

• लगातार लंबे समय तक बैठे रहना। • आहार के प्रति अनुशासन व लापरवाही • नियमित कसरत से दूरी। • अच्छी नींद में कोताही या नींद से जुड़ी स्वच्छता का ध्यान न रखना। • तनाव प्रबंधन न कर पाना। • धूम्रपान व अल्कोहल का सेवन।

ये हैं हार्ट-फ्रेंडली अच्छी आदतें

• आहार में नियमित रूप से फल, सब्जियां, दालें व साबुत अनाज लें। • दवा कम करें • नमक की मात्रा भी कम रखें। • वजन नियंत्रण को प्राथमिकता में रखें • धूम्रपान कम करने या बंद करें करें। • प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि करें।

लेख विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।

सही आहार नियंत्रण में रखेगा आपका कोलेस्ट्राल

डा स्वाति चतुर्वेदी
सीनियर डायटीशियन

बेकरी आइटम, केक, फ्रोजन पिज्जा, मट्ठी, रोल, फ्राइड फूड्स, डोनट्स और फ्राइड चिकन जैसे आहार का चलन तेजी से बढ़ा है। इन सभी में ट्रांसफैट की अधिकता होती है जो कि खराब कोलेस्ट्राल को बढ़ा देता है और अच्छे कोलेस्ट्राल को कम कर देता है। यह केवल हार्ट ही नहीं, बल्कि लिवर, मोटापा, किडनी की बीमारियां दे रहा है। आपके भोजन में रेड मीट, अंडे की जर्दी, फुल क्रीम दूध, घी, वनस्पति और सैचुरेटेड फैट की अधिकता है तो आप उच्च कोलेस्ट्राल के शिकार हो सकते हैं। इसी तरह रसोई में रेडी-टू-ईट फूड, डिब्बाबंद खानपान भी सही नहीं है। यदि कुल कोलेस्ट्राल दो मिलीग्राम से अधिक है तो यह आपके लिए एक बड़ी चेतावनी है। आपको तुरंत खानपान की पुरानी आदतों को बदल देना चाहिए। बैड कोलेस्ट्राल यानी एलडीएल के पीछे खराब खानपान ही मुख्य कारण है। गुड कोलेस्ट्राल यानी एचडीएल आपको अच्छे वसा, मुफा युक्त तेल जैसे सरसों, बादाम, कैनोला, राइस ब्रैन तेल से मिल सकता है। इसके अलावा कोलेस्ट्राल कम करने के लिए अपनी डाइट में फाइबर की मात्रा बढ़ानी चाहिए। इसके लिए साबुत अनाज, जैसे ओट्स, जौ, ब्राउन राइस, क्विनोआ के साथ राजमा, मूंग दाल व अन्य दालों का सेवन करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, सलाद आदि लें, जो फाइबर से भरपूर हैं। इसी तरह, रिफाइंड कार्ब्स जैसे, मैदा, सफेद ब्रेड, चीनी आदि को आहार से दूर करें जो कि अच्छे कोलेस्ट्राल के स्तर को कम कर देते हैं।

बच्चों में बढ़ता खतरा, किस उम्र में कराएं जांच

हमें समझने की जरूरत है कि 10–12 वर्ष की उम्र में मेटाबालिज्म तेजी से बदलता है। ऐसे में यदि बच्चों की आदतें स्वस्थ हैं, वे स्वस्थ खानपान और खेलकूद आदि करते हैं तो उनका स्वाभाविक विकास होता है, लेकिन जिस तरह से बच्चों के सामान्य आहार में जंक फूड, पैकेज्ड स्नैक्स, स्वीट ड्रिंक्स और अत्यधिक तेल-मसाले वाला खानपान शामिल हो रहा है, यह नए जोखिम पैदा कर रहा है। इससे बैड कोलेस्ट्राल उनके आर्टरीज में छोटी उम्र से ही जमा होने लगता है। घंटों मोबाइल/कंप्यूटर पर बैठे रहना, नींद पूरी न लेना, पढ़ाई व करियर का तनाव ऐसे कई कारक हैं जो बच्चों के हार्ट पर दबाव डाल रहे हैं। इनसे हार्ट की बीमारियों का जोखिम बढ़ रहा है। 10 वर्ष की उम्र में बच्चे का पहला लिपिड प्रोफाइल जांच अवश्य करा लें। इससे उनमें हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया का पता चल सकता है। परिवार में कोलेस्ट्राल का इतिहास रहा है, तो और भी जरूरी है। 20 की उम्र में दूसरा लिपिड प्रोफाइल चेक कराएं। फिर एक साल में और उसके बाद हर 4-5 साल में चेक कराते रहें।

समय पर जांच-दवा नहीं लेने से बेअसर हो रहा इलाज

नई दिल्ली, प्र.सं.। स्वाइन फ्लू (एनाएन1) के वायरस में अभी कोई बड़ा बदलाव होने की बात सामने नहीं आई है। फिर भी मधुमेह, हृदय रोग, हाइपरटेंशन, अस्थमा जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों में गंभीर संक्रमण देखा जा रहा है और कुछ लोग ऑक्सीजन सपोर्ट की भी जरूरत पड़ रही है।

एम्स के डॉक्टरों का कहना है कि पुरानी बीमारियों के कारण जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है उन लोगों में बुखार, खांसी, जुकाम, शरीर दर्द होने पर भी स्वाइन फ्लू की जांच जल्दी नहीं होने और समय पर एंटीवायरल दवा नहीं चलने से इलाज बेअसर हो रहा है। डॉक्टर बताते हैं कि पिछले दो-तीन वर्षों से दिल्ली में एच3एन2 का संक्रमण अधिक होता था। इससे सांस की नली में संक्रमण अधिक होता है। इस बार एच1एन1 का संक्रमण अधिक है। एच3एन2 की तुलना में एच1एन1 गंभीर संक्रमण करता है और फेफड़े को भी अधिक प्रभावित करता है। इसलिए जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है उन्हें समय पर एंटीवायरल दवा देना जरूरी है। एम्स के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. नवल विक्रम ने कहा कि मानसून के दौरान इन्फ्लुएंजा का संक्रमण फैलता है। क्योंकि इस मौसम में नमी अधिक रहती है।

सात वर्षों में इस बार सबसे अधिक मामले

दिल्ली में स्वाइन फ्लू 164 नए मामले सामने आए। इस वजह से दिल्ली में स्वाइन फ्लू के अब तक कुल मामले 3218 पहुंच गए हैं, जो सात वर्षों में सबसे ज्यादा हैं। दिल्ली में वर्ष 2024 में स्वाइन फ्लू के 3151 मामले आए थे। इससे पहले वर्ष 2019 में स्वाइन फ्लू के 3627 मामले आए थे। तब स्वाइन फ्लू से 31 मरीजों की मौत की पुष्टि हुई थी। इस बार स्वास्थ्य विभाग ने अब तक एक भी मरीज की मौत की पुष्टि नहीं की है।



दो वायरस का हमला

इस बार कई मरीजों में एचएन1 के साथ-साथ अन्य रेस्पिरेटरी वायरस (जैसे आरएसवी, एडिनोवायरस या राइनोवायरस) का दोहरा संक्रमण देखा जा रहा है। जब दो वायरस शरीर पर एक साथ हमला करते हैं, तो इम्युनिटी कमजोर हो जाती है और खांसी जैसे लक्षण लंबे समय तक टिके रहते हैं।

एसी का प्रयोग अधिक

उमस और गर्मी से बचने के लिए लोग दफ्तरों, मेट्रो और घरों में बंद खिड़कियों के साथ एसी का उपयोग करते हैं। वेंटिलेशन कम होने के कारण वायरस हवा में री-सर्कुलेट होता रहता है, जिससे एक व्यक्ति से दूसरे में यह तेजी से और ज्यादा लोड के साथ फैलता है।

घंटे बैंकिंग उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम था।

थी। शुरुआत में इसका बीटा संस्करण 40 से अधि

18 वर्ष से कम उम्र की पत्नी से संबंध बनाना पोक्सो के तहत अपराध : कोर्ट

हाई कोर्ट का आरोपित के विरुद्ध कार्यवाही रद करने से इन्कार

कोच्चि, प्रेट्र: केरल हाई कोर्ट ने एक बेहद संवेदनशील मामले में दो टूक शब्दों में कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की किसी भी बालिका के साथ शारीरिक संबंध बनाना, भले ही वह उसकी पत्नी क्यों न हो, पोक्सो अधिनियम के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। व्यक्तिगत कानून या धार्मिक रीति-रिवाजों की वैधता चाहे जो भी हो, वे पोक्सो एक्ट की कठोर धाराओं के सुरक्षा चक्र से किसी को नहीं बचा सकतीं।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून और बच्चों की सुरक्षा से ऊपर कोई भी धार्मिक मान्यता या निजी प्रथा नहीं हो सकती। कोर्ट ने उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति ने 17 वर्षीय नाबालिग के साथ बार-बार दुष्कर्म के मामले में आपराधिक कार्रवाई को रद करने की गुहार लगाई थी। आरोपित का तर्क था कि उन्होंने मुस्लिम रीति-रिवाजों के तहत निकाह किया था, इसलिए वह कानून की नजर में सुरक्षित है। लेकिन जस्टिस जोबिन सेबास्टियन ने मानवीय संवेदनाओं और न्याय के तकाजे को सर्वोपरि रखते हुए एक कड़ा और स्पष्ट संदेश दिया है।

केरल उच्च न्यायालय • फाइल फोटो

- कहा, भले ही शादी मुस्लिम रीति-रिवाजों से हुई हो, पर यह उसे पोक्सो एक्ट के तहत नहीं बचाएगी

इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि अक्टूबर 2021 की है, जब आरोपित कथित तौर पर एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और चार दिनों तक लगातार उसका यौन शोषण किया। विडंबना यह रही कि इस कृत्य में अन्य लोगों ने भी सहयोग किया और पीड़ित लड़की के माता-पिता ने भी सब कुछ जानते हुए चुप्पी साधे रखी। आरोपित के वकील ने भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के अपवाद-2 का हवाला देते हुए यह दलील दी कि 15 से 18 वर्ष की आयु के बीच की अपनी 'कानूनी पत्नी' के साथ शारीरिक संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं माना जा सकता।

पट्टांबी के फास्ट ट्रैक स्पेशल

कोर्ट ने इस मामले पर टिप्पणी करते हुए रेखांकित किया कि पोक्सो अधिनियम की धारा 42ए के तहत इस विशेष कानून को अन्य सभी कानूनों पर वरीयता प्राप्त है। इसका सीधा अर्थ यह है कि जब बात एक 'बच्चे' (18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति) के अधिकारों और उसकी अस्मिता की आती है, तो कोई भी समझौता या परंपरा कानून के हाथ नहीं बांध सकती।

यह फैसला न केवल उस पीड़िता के लिए न्याय की एक नई उम्मीद जगाता है, बल्कि समाज के लिए भी एक कठोर चेतावनी है कि नाबालिगों के साथ होने वाले अत्याचारों को अब धर्म या विवाह की आड़ में छिपाया नहीं जा सकता।